# कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

सं0-2015/ रा0वि0आ0–पा0नि0 / नि0का0 / टेण्डर / 2022–23 दिनांक 27 मार्च, 2023

## अतिअल्पकालिक निविदा सूचना

राज्य वित्त आयोग अनुदान / पालिका निधि के अन्तर्गत वर्ष 2022–23 में रा0वि0आ0अनुदान / पालिका निधि के अन्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित 02 निर्माण कार्यो की आफ लाइन निविदायें नगर पालिका परिषद बहराइच के साथ–साथ अन्य विभागों में वर्ष 2022–23 में पंजीकृत फर्मो / ठेकेदारों (जिनके हैंसियत / चरित्र प्रमाण पत्र निर्धारित समय सीमा के अन्दर के हों) से निम्नलिखित शर्तो के अधीन दिनांक 10.04.2023 को अपरान्ह 4:00 बजे तक नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में, 2–प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एंव 3–उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय में सीलबन्द आमन्त्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0) / प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बहराइच के कार्यालय कक्ष में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एंव अधिशासी अधिकारी द्वारा उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:30 बजे निविदायें खोली जायेगी। निविदा के साथ रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र ( निर्धारित प्रारूप) तथा 02 % धरोहर धनराशि की एन0एस0सी0 / एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0 / सी0डी0आर0 जो अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बन्धक हो, प्रत्येक कार्य हेतु पृथक–पृथक धरोहर धनराशि टेण्डर के साथ संलग्न करना होगा। निविदा फार्म नगरपालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एंव उपजिलाधिकारी बहराइच कार्यालय से दिनांक 06.04.2023. को कार्यालय अवधि (प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक) में प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेगी। सम्बधित निविदा सूचना नगरपालिका परिषद, बहराइच की वेब साइट–WWW.bahraichnpp.in पर देखी जा सकती है।

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (18 प्रतिशत जीएसटी सहित) | 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | जी0एस0टी0 18 % | निविदा प्रपत्र का कुल मूल्य | कार्य समाप्त करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जिलाधिकारी कार्यालय में मैन गेट से जिला सूचना सम्पर्क कार्यालय एंव पार्क के बगल साईट पटरी पर इण्टरलाकिंग का कार्य। | रू0 980943.00 | रू0 20000.00 | रू0 1000.00 | रू0 180.00 | रू0 1100.80 | दो माह |
| 2 | जिलाधिकारी बहराइच के कार्यालय परिसर में शौचालय की रंगाई–पुताई व टंकी के पास फर्स का निर्माण एंव विभिन्न स्थानों पर सी0सी0 मरम्मत का कार्य। | रू0 294000.00 | रू0 6000.00 | रू0 300.00 | रू0 54.00 | रू0 354.00 | एक माह |

## शर्ते–

1– निविदा के सील बन्द लिफाफे पर निविदा कार्य संख्या एंव कार्य का नाम अंकित करना होगा।

2– सील बन्द निविदायें अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद, बहराइच, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बहराइच एंव उप जिलाधिकारी बहराइच के कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में दिनांक .10.04.023 को सायं 4:00 बजे तक ही निविदायें डाली जायेगी, जो उसी दिन 4:30 बजे अपर जिलाधिकारी (वि0 / रा0) बहराइच के कार्यालय में खोली जायेगी।

3– अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा की बिक्री एंव प्राप्त होने तथा खोलने की तिथि पर किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा बिक्री एंव प्राप्त होने तथा खोलने की कार्यवाही अगले कार्यालय दिवस में की जायेगी। स्थान व समय तथा निविदा की बैधता अवधि पूर्ववत् रहेगी।

4– निविदा स्वीकृत / कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात ठेकेदार / फर्म द्वारा कार्य स्थल पर लगाये जाने वाले श्रमिकों का पंजीकरण श्रम विभाग में एक सप्ताह के भीतर कराकर पंजीयन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना होगा।

5– कार्य स्थल पर कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व, कार्य के दौरान व कार्य पूर्ण होने पर अलग–अलग फोटो ग्राफ देना होगा एंव कार्य प्रारम्भ से पहले स्थल पर साइन बोर्ड ठेकेदार को लगाना होगा।

6– निविदा स्वीकृत उपरान्त कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात कार्य प्रारम्भ की सूचना अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता को लिखित रूप में ठेकेदार को देना होगा। तदुपरान्त अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा तथा कार्य पूर्ण होने के उपरान्त ठेकेदार को लिखित रूप में कार्य पूर्ण होने के सम्बंध में सूचना अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता को देना होगा।

7– कार्य स्थल पर सत्यापन के दौरान यदि कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी पायी जाती है तो ठेकेदार को तत्काल अवर अभियन्ता/सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार कार्य को मानक के अनुरूप पूर्ण कराना होगा अन्यथा कराये गये कार्य का भुगतान नही किया जायेगा तथा ठेकेदार के विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है।

8– नगरपालिका परिषद, बहराइच में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो के अतिरिक्त अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो को टेण्डर फार्म क्य करने के समय विभाग का पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ में प्रस्तुत करनी होगी।

9– प्राप्त न्यूनतम निविदा की स्वीकृति उपरान्त समस्त न्यूनतम निविदादाताओं (नगरपालिका परिषद, बहराइच में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को छोडकर) मे से अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो को नगरपालिका परिषद, बहराइच में नियमानुसार पंजीकरण कराना होगा तदोपरान्त कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

10– प्रत्येक कार्य हेतु तीन–तीन निविदायें प्राप्त होने पर ही निविदा की स्वीकृति पर कार्यवाही की जायेगी।

11– प्राप्त किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। इस सम्बंध में किसी का दावा स्वीकार नही होगा। निविदा मूल्य नान रिफण्डेबुल है।

12– निर्माण कार्यो के स्वीकृत आगणन में 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 सम्मिलित है। जिसका भुगतान नियमानुसार किया जायेगा।

13– निविदादाता के हैंसियत/चरित्र प्रमाण पत्र की समयावधि निर्धारित समय के अन्दर की होनी चाहिए। चरित्र/हैंसियत प्रमाण पत्र की अवधि समाप्त हो जाने वाले ठेकेदारों/फर्मो की निविदायें स्वीकार नही होंगी।

14– धन की उपलब्धता के अनुसार कराये गये निर्माण कार्यो का भुगतान पालिका द्वारा किया जायेगा।

15– निर्माण कार्यो को निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराना होगा।

16– उपरोक्त समस्त शर्तो का पालन ठेकेदार/फर्म को करना होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा की स्वीकृति पर विचार नही किया जायेगा।

**( बाल मुकुन्द मिश्र )**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद**
**बहराइच।**

**( अवधेश कुमार मिश्र )**
**मुख्य राजस्व अधिकारी/प्रशासक**
**नगरपालिका परिषद**
**बहराइच।**

पृ0सं0 एवं दिनांक– उपरोक्त
प्रतिलिपि–

1–जिलाधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2–प्रभारी अधिकारी महोदय स्थानीय निकाय बहराइच को उपरोक्त निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्रों की पांच–पांच प्रतियॉ इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्तानुसार निविदा फार्मो की बिकी हेतु किसी कर्मचारी को अधिकृत करने के साथ – साथ निर्धारित तिथि एंव समय पर टेण्डर बाक्स में पडे निविदा फार्मो को खोलने का कष्ट करें।

3–उपजिलाधिकारी महोदय बहराइच को उपरोक्त निर्माण कार्यो के निविदा फार्मो की पांच–पांच प्रतियां इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि निर्धारित तिथि को निविदा फार्मो की बिकी तथा निविदा फार्मो को जमा किये जाने हेतु अपने अधीनस्थ किसी कर्मचारी को अधिकृत करने की कृपा करें।

4– कार्यालय जिलाधिकारी बहराइच/उपजिलाधिकारी बहराइच/नगर पालिका परिषद बहराइच के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद,**
**बहराइच।**